परिशिष्ट

आंशिक संरचित साक्षात्कार अवलोकन अनुसूची

शोधकर्ता ने शोधकार्य के प्रदत्तों का संकलन करने के लिए प्राथमिक शाला के मध्याह्न भोजन योजना के उद्देश्यों की उपलब्धि को देखने के लिए आंशिक संरचित साक्षात्कार/अवलोकन अनुसूची का निर्माण किया गया है। जिसमें मध्याह्न भोजन लेने वाले छात्रों से साक्षात्कार करना, मध्याह्न भोजन बनाने वाले संचालक, छात्रों के अभिभावक तथा इस योजना के निगरानी रखने वाले प्राथमिक शाला के प्राचार्य, ग्राम पंचायत के विविध सदस्यों से साक्षात्कार करने के लिए साक्षात्कार अवलोकन अनुसूची बनाई है।

(क) मध्याह्न भोजन लेने वाले छात्र :–

1. आपको प्रतिदिन साप्ताहिक मेनू के आधार पर खाना मिलता है क्या ?
2. आपको मध्याह्न, भोजन का खाना अच्छा लगता है ?
3. आप थाली घर से लाते हो या पाठशाला से मिलती है ?
4. आप हररोज कहा बैठकर खाना तो है ?
5. मध्याह्न भोजन के खाने में कभी कंकड़ या किडे आते है क्या ?
6. खाना खाते समय शिक्षक देखने के लिए आते है ?
7. आपको पिने का शुद्ध पानी मिलता है क्या ?
8. कौन–कौन से छात्र खाना परोसते है,
9. आप सभी साथ में बैठकर खाते है क्या ?
10. आपके साथ कभी शिक्षक ने खाना खाया है क्या ?
11. आप खाने से पहले और बाद में हाथ धाते है क्या ?

(ख) मध्याह्न भोजन योजना के निगरानी करने वाले प्राथमिक शाला के आचार्य।

1. मध्याह्न भोजन देते समय आप वहाँ देखने जाते है क्या ?
2. बच्चों को साप्ताहिक मेनू के आधार पर भोजन मिलता है क्या ?
3. मध्याह्न भोजन लेने के लिए कोई अलग खण्ड है क्या ?
4. मध्याह्न भोजन लेते समय बच्चों को बैठने के लिए आसन् खाने की थाली, पिने का पानी तथा हाथ धोने के लिए पानी आदि सुविधा है,
5. मध्याह्न भोजन के संचालक प्रतिदिन आते है क्या ?
6. छात्र भोजन लेने से पहले अपने भोजन देखते है क्या ?
7. आपने कभी छात्रों के साथ मध्याह्न भोजन लिया है क्या ?
8. मध्याह्न भोजन का खाना कहा बनाते है ?
9. सभी जाति के छात्र भोजन लेने के लिए आते है क्या ?
10. मध्याह्न भोजन लेते समय सभी छात्रों को व्यवस्थित एवं एक साथ बिठाते है क्या ?
11. आपने कभी अनुसूचित जाति के छात्र को खाना परोसने के लिए बोलते है क्या ?
12. मध्याह्न भोजन का खाना छात्र लेने के लिए जाते है या मध्याह्न भोजन बनाने वाले लाते है ?

(ग) मध्याह्न भोजन बनाने वाले संचालक

1. मध्याह्न भोजन का अनाज अच्छा आता है क्या ?
2. आप खुद खाना बनाते हो या बनाने वाले को रखते है क्या ?
3. आप मध्याह्न भोजन कहा बनाते है ?
4. कौनसी जाति वाले को भोजन बनाने के लिए रखते है ?
5. भोजन बनाने वाले को कितना वेतन देते है ?

6. भोजन का अनाज एक साथ साफ कर लेते है या प्रतिदिन?
7. प्राथमिक शाला में खाना कौन पहुँचाता है ?
8. बाहर से कोई निरीक्षण करने के लिए आते है क्या ?
9. भोजन के बारे में आपने कभी छात्रों से बातचीत की है क्या ?
10. मध्याह्न भोजन के लिए ग्रामपंचायत में कभी बैठक होती है क्या?

(घ) मध्याह्न भोजन लेने वाले छात्रों के अभिभावक -

1. मध्याह्न भोजन लेने के लिए आप खुद अपने बच्चे को भेजते है क्या ?
2. मध्याह्न भोजन के बारे में बच्चों से पूछते है क्या ?
3. आप कभी मध्याह्न भोजन लेते समय प्राथमिक शाला में गये है क्या ?
4. मध्याह्न भोजन लेते के बाद कभी आपके बच्चे बिमार पड़े है क्या?
5. मध्याह्न भोजन मिल रहा है, इसीलिए आपके बच्चें शाला में जाते है क्या?

(च) मध्याह्न भोजन के निगरानी करने वाले सदस्य

1. आप कब प्राथमिक शाला में जाते है?
2. मध्याह्न भोजन के बारे में आप शिक्षकों से बातचीत होती है क्या?
3. आपने मध्याह्न भोजन के अनाज का निरीक्षण किया है क्या?
4. आपने कभी मध्याह्न भोजन लेने वाले छात्रों को पूछा है कि, खाना कैसा बनता है?
5. मध्याह्न भोजन के बारे में प्राथमिक शाला में ग्राम पंचायत होती है क्या ?